

नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



2 मोदीजी की नीतियों से देश सुरक्षित : शाह




4 जीवन सरिता की अंतर्लय के हाइकु



9 शुभमन और राहुल के शतक से भारत मजबूत



11 ब्रिक्स और कृषि व्यापार की नई दिशा

# अर्थव्यवस्था पर मोदी का मंथन

▶ इकोनॉमिक मजबूती में योगदान देने का किया आह्वान ▶ ईज ऑफ बिजनेस सुधार और ग्रोथ बढ़ाने पर चर्चा

**नई दिल्ली, 6 जून. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पीएम-इकोनॉमिक एडवायजरी काउंसिल के सदस्यों के साथ बैठक कर देश की आर्थिक स्थिति पर चर्चा की. बैठक का मुख्य फोकस भारत की आर्थिक वृद्धि को बढ़ाना और कारोबार करने की आसानी को और बेहतर बनाना रहा।बैठक में पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव और उसके भारत और विश्व अर्थव्यवस्था पर संभावित प्रभावों पर भी चर्चा हुई.**

ईएसी के सदस्य और पीएम मोदी ने वैश्विक अस्थिरता, व्यापार संबंधी अनिश्चितताओं और असमान ग्रोथ ट्रेंड के समय अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के उपायों पर विचार विमर्श किया. प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों से इकोनॉमिक मजबूती में योगदान देने का आह्वान किया. उन्होंने इम्पोर्टेड फ्यूल पर निर्भरता कम करने, पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने, वर्क फ्रॉम होम को प्राथमिकता देने और निजी यात्रा में संयम बरतने की सलाह दी. इसके अलावा स्वदेशी उत्पादों को अपनाने, नेचुरल फार्मिंग की ओर बढ़ने और सोने की खरीद में कमी लाने पर जोर दिया. फ्यूल की खपत कम करने के लिए पीएम मोदी ने सार्वजनिक परिवहन, कारपूलिंग, रेलवे का इस्तेमाल और इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते उपयोग की भी सिफारिश की. बैठक का मकसद वैश्विक संकट के समय देश की आर्थिक मजबूती बनाए रखना और कारोबारी माहौल में सुधार करना बताया गया.



### इकोनॉमिक एडवाइजरी काउंसिल बैठक के मुख्य बिंदु

1. बैठक में वैश्विक अनिश्चितताओं और जियोपॉलिटिकल तनाव के बीच भारत की आर्थिक ग्रोथ को और बढ़ाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया।
2. सदस्यों ने ईज ऑफ लिविंग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में सुधार के लिए नीतिगत बदलावों पर चर्चा की।
3. काउंसिल ने वेस्ट एशिया में चल रहे टकराव का भारत और दुनिया की अर्थव्यवस्था पर संभावित असर पर अपनी राय साझा की।
4. बैठक ऐसे समय हुई जब दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं व्यापार अस्थिरता, भू-राजनीतिक तनाव और असमान विकास दर जैसी चुनौतियों का सामना कर रही हैं।
6. पीएम ने पिछले महीने नागरिकों से अपील की कि वे इम्पोर्टेड फ्यूल पर निर्भरता कम करें और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाकर आर्थिक मजबूती में योगदान दें।

## प्रधानमंत्री मोदी ने दोहराया आत्मनिर्भर भारत का संकल्प

**पीएम ने गुजरात दौरे की तस्वीरें की साझा**

**वैश्विक संकट चल रहा है, एनर्जी के मामले में आत्मनिर्भरता जरूरी**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने गुजरात दौरे की झलकियां शेयर की हैं. उन्होंने सूरत शहर की प्रशंसा की और कहा कि इस जीवंत शहर से हमने मिलकर भारत को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने का अपना संकल्प दोहराया. पीएम मोदी ने साझा की वीडियो-प्रधानमंत्री मोदी ने अपने गुजरात दौरे के अगले दिन आज शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक वीडियो शेयर किया.**

पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा, कल सूरत के लोगों के बीच रहना बहुत अच्छा लगा. इस जीवंत शहर से हमने मिलकर भारत को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने का अपना संकल्प दोहराया. वीडियो में पीएम मोदी ने कार्यक्रमों शामिल होने की तस्वीरें और अपने भाषणों के कुछ अंश शेयर किए हैं. उन्होंने कहा कि मुझे कई बार लगता है कि ये सूरत शहर नहीं है, सूरत एक स्पिरिट है. हमारा संकल्प 'विकसित गुजरात' और 'विकसित भारत' इस संकल्प को सिद्ध करना व सेवा के भाव से समर्पित होकर के करना है. एनर्जी के मामले में आत्मनिर्भरता जरूरी-उन्होंने कहा कि ये जो वैश्विक संकट चल रहा है, ये दिखाता है कि एनर्जी के मामले में आत्मनिर्भरता कितनी जरूरी है. उन्होंने कहा, आत्मनिर्भर भारत का क्या मतलब होता है, ये हजीरा जाने पर भी साफ दिखता है. हजीरा आज केवल एक औद्योगिक क्षेत्र नहीं है. यह एक ऐसा इकोसिस्टम बन चुका है जहां, एनर्जी है, स्टील है, डिफेंस प्रोडक्शन है, पोर्ट है, और ग्लोबल ट्रेड का इकोसिस्टम है.

AMITY UNIVERSITY GWALIOR
Success Stories Start Here

Humanities, Arts & Related Career Transforming Pathways

PRESTIGIOUS RANKINGS
Ranked #1 in Madhya Pradesh (Pvt) '26 by QS Southern Asia
Ranked amongst top 2 in Madhya Pradesh (Pvt) '26 - India's Best Multidisciplinary Universities by The Week-Hansa

| Scholarships* | 100% | 50% | 25% |
|---|---|---|---|
| UG Programmes | | | |
| 12th (agg.) | 93% | 88% | 70% |
| PG Programmes (Non-MBA) | | | |
| 12th (agg.) | 93% | 88% | - |
| Graduation (agg.) | 80% | 75% | - |
| MBA | | | |
| CAT/MAT (%ile) | 90 | 85 | 75 |
| GMAT/GRE (Score) | 650/161 | 600/157 | 450/149 |

*Offered in 56+ progs across various disciplines

To apply visit: amity.edu/gwalior
by: 12th June 2026
7303-872-872

Psychology
• B.A- Applied Psychology*
• Bachelor in Clinical Psychology^
• B.Sc- Clinical Psychology*
• M.A- Applied Psychology / Clinical Psychology
• PG Diploma in Rehabilitation Psy^ / Guidance & Counselling Psychology
^(Approved by RCI)

Liberal Arts
• B.A- Political Science* / History*

Fashion
• B.Des- Fashion Design
• M.Des- Fashion Design

Mass Communication
• B.A- Journalism & Mass Comm*
• B.Sc- Animation & Visual Graphics*
• M.A- Journalism & Mass Comm

English Literature
• B.A- English* • M.A- English
*(Hons/Hons with Research)

Amity University Gwalior, Maharajpura, Gwalior (Opp. Airport) | E: admissions@gwa.amity.edu

## एमपी वैश्विक निवेश का उभरता केंद्र

इंदौर में इंडिया-लैटिन अमेरिका एवं कैरेबियन ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट फोरम आयोजित

नवभारत न्यूज़

**इंदौर, 6 जून. इंदौर में आयोजित इंडिया-लैटिन अमेरिका एवं कैरेबियन ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट फोरम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि किसी भी सच्ची साझेदारी की नींव केवल समझौतों पर नहीं, बल्कि अपनत्व और विश्वास पर आधारित होती है।**

उन्होंने लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों के राजदूतों एवं व्यापारिक प्रतिनिधियों को मध्यप्रदेश में निवेश के व्यापक अवसरों की जानकारी देते हुए प्रदेश को वैश्विक निवेश का उभरता केंद्र बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश की भौगोलिक स्थिति, विकसित हो रहा इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेशक-अनुकूल नीतियां और कुशल मानव संसाधन इसे उद्योगों के लिए आदर्श गंतव्य बनाते हैं। केंद्र और राज्य सरकार प्रदेश में सड़क, रेल, लॉजिस्टिक्स तथा औद्योगिक ढांचे के विकास के लिए लगातार निवेश कर रही हैं... ▶ शेष पेज 9 पर




## हवाई में भारत-अमेरिका में रक्षा सहयोग पर सैन्य वार्ता

**नई दिल्ली, 06 जून. हवाई में 29वीं भारत और अमेरिका ने 'आर्मी-टू-आर्मी स्टाफ वार्ता' आयोजित की, जिसमें दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा हुई. साथ ही, दोनों पक्षों ने अपने रणनीतिक साझेदारी संबंधों को और गहरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई.**

भारतीय सेना के अनुसार, इस बैठक की सह-अध्यक्षता उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई और अमेरिकी सेना प्रशांत के उप कमांडिंग जनरल लेफ्टिनेंट जनरल जोएल वोवेल ने की. भारतीय सेना ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा की. उन्होंने कहा, चर्चा का मुख्य फोकस द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत करना, सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाना, पेशेवर आदान-प्रदान का विस्तार करना और साझा सुरक्षा हितों के लिए सैन्य सहयोग को गहरा करना था. दोनों पक्षों ने सेना के बीच बढ़ते सहयोग की सराहना की और भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता जताई.

## 15 साल के वैभव ने रचा इतिहास

**टीम इंडिया में एंट्री** सबसे युवा भारतीय क्रिकेटर बने

**नई दिल्ली, 6 जून. भारतीय क्रिकेट में एक नया अध्याय जुड़ गया है. युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को जून-जुलाई में आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टी-20 सीरीज तथा सितंबर में आयोजित होने वाले एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है.**

15 साल और 71 दिन की उम्र में चयनित होकर वैभव भारत की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में चुने जाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं. वैभव ने इस उपलब्धि के साथ महिला क्रिकेटर शेफाली वर्मा और महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया. शेफाली का चयन पहली बार 15 साल 220 दिन की उम्र में हुआ था, जबकि सचिन 16 साल 194 दिन की उम्र में भारतीय टीम में चुने गए थे.



> यदि वैभव को इंग्लैंड, आयरलैंड दौरे या एशियन गेम्स में खेलने का मौका मिलता है तो वह भारत के लिए डेब्यू करने वाले सबसे कम उम्र के क्रिकेटर भी बन जाएंगे. फिलहाल यह रिकॉर्ड शेफाली वर्मा और सचिन तेंदुलकर के नाम दर्ज है. वैभव ने हाल ही में समाप्त हुए आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन किया था. उन्होंने पूरे सीजन में 776 रन बनाकर ऑरेंज कैप अपने नाम की.

### एक नजर में

#### मुंबई में सात बंगलादेशी नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई.** मुंबई पुलिस ने कथित तौर पर वैध वीजा या पासपोर्ट के बिना शहर में रहने के आरोप में 3 महिलाओं, तीन पुरुषों और एक लड़के सहित 7 बंगलादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी. पुलिस के अनुसार, एमआईडीसी पुलिस स्टेशन के कर्मियों ने एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उनके दस्तावेजों की जांच की, जिसके दौरान यह पाया गया कि सभी आरोपी बंगलादेशी नागरिक थे और वैध यात्रा दस्तावेजों के बिना भारत में रह रहे थे.

#### अमेरिका ने ईरानी रडार साइट्स पर हमला किया

**नई दिल्ली.** पहले होर्मुज में ईरान के 4 अटैक ड्रोन मार गिराए गए. इसके बाद अमेरिकी सेना ने रडार साइट्स को निशाना बनाया ताकि आगे के हमले रोके जा सकें. जवाब में ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने होर्मुज स्ट्रेट के पास दुश्मन ठिकानों पर मिसाइलें दागीं. ईरान की 7 मिसाइलों में से 6 को अमेरिका ने हवा में रोक लिया, जबकि सातवीं अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी. राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि ईरानी सुप्रीम लीडर से मुलाकात संभव है अगर अमेरिका-ईरान डील बनती है.

## महाराष्ट्र-गोवा में तेज बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली, 6 जून. मानसून महाराष्ट्र, गोवा, आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों, कर्नाटक के कुछ हिस्सों, तमिलनाडु और पूर्वोत्तर राज्यों में पहुंच गया है.**

मौसम विभाग ने कहा कि 6-12 जून के दौरान केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक और पूर्वोत्तर में बहुत भारी बारिश होगी. इसके साथ ही, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय में लगातार बारिश की चेतावनी है. पूर्वोत्तर राज्यों में 7 से 12 जून तक नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश होने की संभावना है. 8-9 जून को असम और मेघालय में आंधी, बिजली और तेज हवाओं का अलर्ट है. दक्षिण भारत में 6-12 जून के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल और 12 जून को उत्तरी आंतरिक कर्नाटक में बारिश होने की संभावना है. तेलंगाना में भी 6-10 और 12 जून को बारिश होने का अनुमान है. केरल, माहे और लक्षद्वीप, तटीय कर्नाटक में 6-10 जून को तेज हवाओं और आंधी की चेतावनी है.

## सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत

### अनुग्रह राशि की घोषणा की

**फिरोजपुर, 06 जून. पंजाब में फिरोजपुर-फाजिल्का रोड पर जंगा वाला मोड़ के निकट शनिवार सुबह एक सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गयी, जबकि चौदह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये. हादसा उस समय हुआ जब एक परिवार के सदस्यों को लेकर जा रहा पिकअप वाहन एक ट्रक से टकरा गया.**

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पिकअप वाहन में लगभग 25 लोग सवार थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे.सभी लोग जलालाबाद से ब्यास जा रहे थे, जहां उन्हें परिवार के एक दिवंगत सदस्य की अस्थियां ब्यास नदी में विसर्जित करनी थीं.



इसी दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया.टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कई यात्री उसके भीतर फंस गये.

#### मोदी ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंजाब के फिरोजपुर जिले में हुई सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है और मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख तथा घायलों को 50-50 हजार रूपये की अनुगृह राशि देने की घोषणा की है.श्री मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए दुर्घटना में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की.

## लोकसभा : टीएमसी में 19 सांसदों के टूटने का खतरा

**कोलकत्ता, 6 जून. पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक बार फिर तनाव का माहौल बन गया है. तृणमूल कांग्रेस ( टीएमसी ) सुप्रीमो ममता बनर्जी को लोकसभा में दल-बदल का खतरा मंडराने लगा है.टीएमसी के कुल 28 सांसदों में यदि 19 सांसद अलग हो जाते हैं, तो दल-बदल कानून के तहत पार्टी को बड़ा झटका लग सकता है.**

यही 19 का आंकड़ा पार्टी आलाकमान की नींद उड़ा रहा है.इस संकट को देखते हुए ममता ने भतीजे और राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के अधिकार कम कर दिए हैं.कालीघाट स्थित उनके आवास पर हुई राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन और डोला सेन को संयुक्त राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया.इसे सीधे तौर पर अभिषेक बनर्जी के प्रभाव को सीमित करने के रूप में देखा जा रहा है.नाराज सांसदों में से कुछ पहले ही दिल्ली में पहुँच चुके हैं.इनमें कूचबिहार के सांसद जगदीश चंद्र बसुनिया शामिल हैं.



सूत्रों के अनुसार, अगले सप्ताह और कुछ सांसद दिल्ली पहुँच सकते हैं.नाराज सांसदों ने पार्टी के कामकाज और अभिषेक के नेतृत्व शैली पर असंतोष जताया है.आरोप है कि अभिषेक केवल 'सिंडिकेट' के जरिए काम करते हैं और आम पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद नहीं करते.ममता खुद 8 जून को दिल्ली पहुँचने वाली हैं, ताकि संसदीय दल में टूट को रोका जा सके.इसके साथ ही उन्होंने पार्टी संगठन में बड़े बदलाव कर डैमेज कंट्रोल की शुरुआत कर दी है.कुछ सांसदों ने ममता का समर्थन किया, जैसे कि कृष्णानगर की सांसद महुआ मोइत्रा और दमदम के सांसद सौगत रॉय, जबकि बारासात की सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने आरोपों को खारिज किया और दिल्ली न पहुँचने का स्पष्ट किया.

> टीएमसी सांसदों ने बीजेपी की 'ऑपरेशन लोटस' रणनीति पर भी चिंता जताई.सांसद सौगत रॉय ने कहा कि बीजेपी पैसों और धमकियों के जरिए पार्टियों को तोड़ने की कोशिश करती है.मुर्शिदाबाद के सांसद अबू ताहेर खान ने पार्टी लाइन पर चलने का भरोसा जताया.यह स्थिति पश्चिम बंगाल विधानसभा में विधायकों की बगावत की याद दिलाती है.ममता बनर्जी की रणनीति अब लोकसभा में पार्टी को एकजुट रखने और सांसदों में विश्वास बहाल करने पर केंद्रित है.

**जंतर-मंतर पर धरना** ▶ **भाजपा ने जनता को हिंदू-मुस्लिम मुद्दों में उलझाकर रखा है**

## कॉकरोच जनता पार्टी परेशान लोगों की आवाज

**नई दिल्ली, 06 जून. सोशल मीडिया की कोख से हाल में जन्मी कॉकरोच जनता पार्टी ( सीजेपी ) के प्रवर्तक अभिजीत दिपके ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी किसी पूर्व-नियोजित राजनीतिक रणनीति की उपज नहीं, बल्कि वह सरकार से नाराज लोगों की आवाज बनकर उभरी है और कुछ ही दिनों में लाखों लोग उससे जुड़ चुके हैं.**

श्री दिपके और सीजेपी के आह्वान पर शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी के जंतर-मंतर प्रदर्शन स्थल पर हजारों की तादाद में युवाओं ने एकत्रित होकर कुछ अखिल भारतीय परीक्षाओं में पश्नपत्र लीक होने के मुद्दे पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की.श्री दिपके ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जनता को हिंदू-मुस्लिम मुद्दों में उलझाकर रखा है, जबकि असली सवाल रोजगार, आजीविका और आम लोगों की समस्याओं का है. श्री दिपके ने प्रदर्शनकारियों से आंदोलन को शांतिपूर्ण बनाये रखने की अपील करते हुए कहा कि कई ताकतें इस आंदोलन को विफल देखना चाहती हैं. उन्होंने दावा किया कि सरकार के खिलाफ बोलने वाले युवाओं और उनके परिवारों में भय का माहौल बनाया जा रहा है.श्री दिपके ने कहा कि जब मैं अमेरिका से भारत लौट रहा था, तब मेरी मां रो रही थीं.उन्हें डर था कि सरकार मुझे जेल में डाल देगी. उन्होंने कहा कि लोगों को यह संदेश देना जरूरी है कि वे डर की राजनीति से घबराने वाले नहीं हैं. हमारे सोशल मीडिया अकाउंट हैक किये जा रहे हैं और पोस्ट हटवाई जा रही हैं.आप हमारी पोस्ट तो डिलीट कर सकते हैं, लेकिन हमें इस जगह से मिटा नहीं सकते.





दिल्ली एयरपोर्ट पर अंबेडकर की तस्वीर और पुस्तिका लेकर बाहर निकले अभिजीत